**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1505**
**दिनांक 02.08.2023/11 श्रावण, 1945 (शक) को उत्तर के लिए**

**मोबाइल फोरेंसिक सुविधाएं**

**1505 श्री एस. निरंजन रेड्डीः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या केन्द्र सरकार मोबाइल फोरेंसिक सुविधाएं विकसित करने में राज्यों की सहायता करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की योजना बनाने का विचार रखती है;**

**(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और**

**(घ) क्या केन्द्र सरकार के इस प्रायोगिक परियोजना का विस्तार आन्ध्र प्रदेश राज्य में करने का विचार रखती है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय कुमार मिश्रा)**

(क) से (घ) फोरेंसिक क्षमताओं के आधुनिकीकरण के लिए एक योजना को मंजूरी दी गई है, जो अन्य बातों के साथ-साथ सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अपने फोरेंसिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए मोबाइल फोरेंसिक वाहन खरीदने के लिए सहायता प्रदान करती है।

*********